प्रशासक प्रफुल पटेल के निर्देश पर दानहवासियों को रोजगार देने के लिए आज से शुरु हुआ रोजगार मेला

■ दादरा में जिला कलेक्टर गौरवसिंह राजावत ने रोजगार मेला का किया शुभारंभ ■ सुरंगी में जिला पंचायत अध्यक्ष रमण काकवा सहित प्रशासनिक अधिकारियों, उद्योगपतियों की उपस्थिति में हुआ रोजगार मेला ■ आज पहले चरण के रोजगार मेले में दादरा में 67 और सुरंगी में 46 लोगों को दिया गया रोजगार

सिलवासा 22 मार्च। संघ प्रदेश दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली प्रशासक प्रफुल पटेल ने स्थानीय युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार दिलाने के लिए दादरा नगर हवेली में रोजगार मेला का आयोजन का निर्देश दिया था। जिसके तहत प्रदेशवासियों को रोजगार देने के लिए आज दादरा एवं सुरंगी में रोजगार मेला का लगाया गया। दादरा में जिला कलेक्टर गौरवसिंह राजावत ने प्रशासनिक अधिकारियों, उद्योगपतियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर रोजगार मेला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 33 औद्योगिक ईकाईयों ने अपने स्टॉल लगाकर लोगों को रोजगार दिया। इस दौरान 67 लोगों को रोजगार दिया गया। इसके साथ ही 9 विधवाओं एवं 2 दिव्यांग को भी रोजगार दिये गये। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष रमण काकवा सहित अधिकारियों की उपस्थिति में सुरंगी में आयोजित रोजगार मेला में 20 औद्योगिक ईकाईयों में अपने स्टॉल लगाये थे। इस रोजगार मेले में रोजगार के लिए आये युवक एवं युवतियों के पंजीकरण किये गये और 46 लोगों को रोजगार दिया गया। (समाचार का शेष पेज २ पर)

(पेज 8 का शेष समाचार)

प्रशासक प्रफुल पटेल के निर्देश पर दानहवासियों को रोजगार देने के लिए...

20 पंचायतों को 6 विभागों में बाटा गया है। यह रोजगार मेला 31 मार्च तक चलेगा जिसमें दादरा नगर हवेली के युवाओं एवं युवतियों को रोजगारी के अवसर दिये जायेगें। आज शुरु हुए रोजगार मेले में दादरा में कलेक्टर गौरवसिंह राजावत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश गावित, जिला पंचायत सदस्य भारतीबेन, सरपंच सुमित्राबेन पटेल, उपसरपंच कमलेश देसाई, डॉ. डुगरालिया, प्रशांत जोशी, जे. एम. कापडी, दिव्येश मोरे, पंकज सिंह परमार, विजय सिंह परमार सहित के अधिकारी एवं उद्योगपति तथा ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं सुरंगी के रोजगार मेले में जिला पंचायत अध्यक्ष रमण काकवा, आरडीसी सौम्या, शिक्षा निदेशक कृष्णा चैतन्य, मामलतदार नम्रता परमार, किरण गांधी सहित उद्योगपति एवं ग्रामीण बडी संख्या में उपस्थित रहे। आज के इस रोजगार मेला में स्टरलाइट कॉपर द्वारा स्टॉल लगायी गयी थी, जिसकी दानह प्रशासन की टीम और जिला पंचायत अध्यक्ष रमण काकवा ने मुलाकात ली। आगामी दिनों में नरोली, किलवणी, खानवेल, दूधनी, मांदोनी, रखोली, मसाट में ऐसे ही रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें रोजगार से वंचित युवाओं एवं युवतियों को रोजगार दिया जायेगा।